दिनांक-03.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- **प्रधानमंत्री आज चंड़ीगढ़ में तीन नये आपराधिक कानून के बारे में राष्ट्र को देंगे जानकारी।**
- **भोपाल गैस त्रासदी की आज 40वीं बरसी, होगा कई कार्यक्रमों का आयोजन।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा-गीता जयंती के अवसर पर प्रदेश में 8 से 11 दिसम्बर तक होंगे कार्यक्रमों के आयोजन।**
- **रातपानी सेंचूरी को टाइगर रिजर्व किया गया घोषित। प्रदेश का 8वां टाइगर रिजर्व होगा।**

पीएम-चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चंडीग□में तीन नये अपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति से राष्ट्र को अवगत कराएंगे। ये कानून हैं- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। इस वर्ष पहली जुलाई से देशभर में लागू किए गए, इन कानूनों का उद्देश्य विधि प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है। कार्यक्रम का विषय है - सजा से न्याय के परिप्रेक्ष्य में सुरक्षित और विकसित भारत। कार्यक्रम के दौरान नए कानूनों के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि इन कानूनों से आपराधिक न्याय परिदृश्य में क्या बदलाव आए हैं।

भोपाल गैस त्रासदी

दुनिया के सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक भोपाल गैस त्रासदी की आज 40वीं बरसी है। इस अवसर पर आज भोपाल के बरकतउल्ला भवन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रार्थना सभा में राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत हुए गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना ने भोपाल गैस पीड़ितों के लिए जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया है। पेश है एक रिपोर्ट ....

पैकेज-संजीव शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भोपाल गैस पीड़ितों और उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। नवम्बर माह तक 20 हजार से ज्यादा गैस पीड़ितों के आयुष्मान कार्ड बन गए हैं।

इसके फलस्वरूप गैस पीड़ित मरीजों को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन संचालित 6 अस्पतालों एवं 9 औषधालयों के साथ प्रदेश के सभी अनुबंधित अस्पतालों में भी निशुल्क उपचार मिल रहा है ।

आयुष्मान कार्ड मिलने से गैस पीड़ित चाँद भाई और मोहम्मद साबिर के लिए भी इलाज आसान हो गया है।

उधर, राज्य शासन से सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करीब 4 हजार 406 गैस पीड़ित विधवाओं को पेंशन राशि के अलावा भोपाल गैस राहत विभाग द्वारा एक हजार रूपये प्रतिमाह अतिरिक्त पेंशन भी दी जा रही है।

संजीव शर्मा,आकाशवाणी समाचार,भोपाल

मुख्यमंत्री - बालाघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे यहां उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हो रहे रोजगार मेले में शामिल होकर युवाओं को संबोधित करेंगे। साथ ही विभिन्न कंपनियों में चयनित होने वाले युवाओं को ऑफर लेटर भी प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस स्वदेशी मेले में विभागीय प्रदर्शनियों का भी अवलोकन भी करेंगे। डॉ. यादव जिले के ग्राम डुंगरिया के सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भी शामिल होंगे।

गीता जयंती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 8 दिसम्बर को गीता जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ. यादव कल मुख्यमंत्री निवास पर गीता जयंती एवं तानसेन महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। महाराज विक्रमादित्य शोध पीठ, प्रशासन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 8 से 11 दिसम्बर तक उज्जैन में आयोजित करेगी। भोपाल में 11 दिसम्बर को गीता का सस्वर पाठ करने के लिए हजारों आचार्य उपस्थित होंगे और नया रिकार्ड बनायेंगे। इस अवसर पर साधो बैण्ड, वृंदावन की प्रस्तुति होगी।

कुरूक्षेत्र हरियाणा में आयोजित 3 दिवसीय गीता जयंती कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 दिसम्बर को शामिल होंगे। उज्जैन में गीता संवाद में 8 दिसम्बर को गीतकार मनोज मुन्तशिर शुक्ला का गीता संवाद होगा। मुख्यमंत्री ने कल ओंकारेश्वर में गीता जयंती के महत्व के बारे में जानकारी दी।

रातापानी

भोपाल के नजदीक स्थित रातापानी को प्रदेश का आठवाँ टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। प्रस्तावित रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का रकबा 763.812 वर्ग किलोमीटर तथा बफर एरिया का रकबा 507.653 वर्ग किलोमीटर है। टाइगर रिजर्व का सम्पूर्ण कोर क्षेत्र रातापानी टाइगर अभयारण्य की सीमा के भीतर है। इससे ग्रामीणों के वर्तमान अधिकार में कोई परिवर्तन नहीं होगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों को पर्यटन से नये रोजगार सृजित होंगे, जिससे आर्थिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ने पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। यह निर्णय न केवल बाघों की सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को भी नई दिशा देगा।

पीएम आवास-नीमच

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के नीमच जिले के लाभार्थियों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है। जिले में बड़े पैमाने पर योजना के तहत आवासों का निर्माण हुआ है। वर्ष दो हजार सोलह से बाईस तक में कुल स्वीकृत आवास 19 हजार 695 में से 18 हजार 695 आवास पूरे हो चुके हैं। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवास 3 हजार 355 में से 3 हजार 271 आवास अभी तक बन चुके हैं। ग्रामीण अंचलों में गरीब परिवार के लोग प्रधानमंत्री आवास पाकर बहुत खुश हैं और इस सौगात के लिये प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। इस बारे में नीमच जनपद सीईओ आरके पालनपुर ने बताया .....

बाइट- आर के पालनपुर, जनपद सीईओ, नीमच।

राष्ट्रपति-पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2024 के अवसर पर तैंतीस व्यक्तियों औऱ संस्थाओं को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार दिव्यांगजन के जीवन को समृद्ध करने के लिए 16 परिवर्तनकारी उपायों का शुभारंभ करेंगे।

विश्व दिव्यांग दिवस

आज विश्व दिव्यांग दिवस है, दिव्यांगजन के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। मध्यप्रदेश दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाला अग्रणी राज्य है। वर्ष 2011 की जनगणना में 15 लाख 51 हजार से अधिक दिव्यांगजन का चिन्हांकन किया गया था, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार दिव्यांगजन की 21 श्रेणियों को इसमें सम्मिलित किया गया है। प्रदेश में इस वर्ग के लोगों को यूनिक आईडी कार्ड बनाने का कार्य संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा।

आगरमालवा जिला स्तर पर आज खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य शिविर का भी लगाया जाएगा जहां दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र एवं यूडीआइडी कार्ड भी बनाए जाएंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में सर्दी का दौर जारी है। भोपाल में कल तापमान 8 दशमल 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान शाजापुर के गिरवर में 5 दशमलव 9 रहा। मौसम विभाग ने राजगढ़, शाजापुर जिलों में आज शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल ओंकारेश्वर में अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ को बेहतर तरीके से विकसित कर सुविधाए बढ़ाई जाएंगी।
- नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने उन्हें नये दायित्व के लिये बधाई और शुभकामनाएं दीं।
- झाबुआ कलेक्टर ने कल 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' की समीक्षा बैठक की। उन्होंने  निर्देशित किया कि जिले वासियों को इस फ्लैगशिप योजना का लाभ दिया जाए।
- महिला एवं बाल विकास परियोजना डिण्डौरी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमपुर में हम होंगे कामयाब पखवाडा के तहत जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने मंडला जिले की बाल विकास परियोजना मंडला और नैनपुर की सत्रह आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु एक करोड़ 90 लाख रुपए की राशि आवंटित की है।